Under CSR Support by Ipca Foundation | missiongyan

## अध्याय - 7 | प्राणियों में संरचनात्मक संगठन

QUIZ PART-04

1. **मेंढक का जनन तंत्र किस प्रकार का होता है?**
   A. उभयलिंगी
   B. एकललिंगी
   C. द्विलिंगी
   D. परजीवी (B)

*व्याख्या :* मेंढक एकललिंगी प्राणी है, अर्थात् नर और मादा में पृथक जनन तंत्र पाए जाते हैं।

2. **मेंढक के नर जनन तंत्र में कौन-से अंग पाए जाते हैं?**
   A. अण्डाशय और अण्डवाहिनियाँ
   B. वृक्क और अण्डवाहिनी
   C. वृषण, शुक्रवाहिनियाँ, अवस्कर
   D. हृदय और मूत्रवाहिनी (C)

*व्याख्या :* नर मेंढ़क के जनन तंत्र में वृषण, शुक्रवाहिनियाँ, जनन मूत्र वाहिनी, शुक्राशय और अवस्कर पाए जाते हैं।

3. **नर मेंढ़क में मूत्र वाहिनी किस प्रकार की होती है?**
   A. केवल मूत्र वहन करने वाली
   B. केवल शुक्राणु वहन करने वाली
   C. मूत्र और शुक्राणु दोनों वहन करने वाली
   D. केवल अपशिष्ट पदार्थ वहन करने वाली (C)

*व्याख्या :* नर मेंढ़क में मूत्र वाहिनी मूत्र और शुक्राणु दोनों का वहन करती है, इसलिए इसे जनन-मूत्र वाहिनी कहा जाता है।

4. **मादा मेंढ़क में अण्डाशय कितने होते हैं?**
   A. एक
   B. दो
   C. तीन
   D. चार (B)

*व्याख्या :* मादा मेंढ़क में एक जोड़ी अण्डाशय होते हैं, जो वृक्क के पास उदरगुहा में स्थित रहते हैं।

5. **मादा मेंढ़क के अण्डवाहिनियों का कार्य क्या है?**
   A. अण्डे बनाना
   B. अण्डों को बाहर निकालना
   C. अण्डों का निषेचन करना
   D. अण्डों को अवस्कर तक ले जाना (D)

*व्याख्या :* मादा मेंढ़क की अण्डवाहिनियाँ अण्डों को अण्डाशय से अवस्कर तक पहुँचाने का कार्य करती हैं।

6. **मादा मेंढ़क में एक बार में कितने अण्डे दिए जा सकते हैं?**
   A. 200–500
   B. 1000–1500
   C. 2500–3000
   D. 4000–5000 (C)

*व्याख्या :* परिपक्व मादा मेंढ़क एक बार में लगभग 2500 से 3000 अण्डे देती है।

7. **मेंढक में निषेचन किस प्रकार का होता है?**
   A. आंतरिक
   B. बाह्य
   C. अर्ध-बाह्य
   D. कली द्वारा (B)

*व्याख्या :* मेंढक में निषेचन जल में बाहर होता है, इसलिए यह बाह्य निषेचन कहलाता है।

8. **मेंढक के जीवन चक्र में कौन-सा लार्वा चरण होता है?**
   A. सिस्ट
   B. भ्रूण
   C. टैडपोल
   D. प्यूपा (C)

*व्याख्या :* मेंढक का भ्रूण टैडपोल नामक जलीय लार्वा में विकसित होता है, जो बाद में वयस्क मेंढ़क में परिवर्तित होता है।

9. **मेंढक का पारिस्थितिक महत्व क्या है?**
   A. जल को शुद्ध करना
   B. फसलों की रक्षा करना
   C. केवल मांसाहारी होना
   D. कीटों की वृद्धि करना (B)

*व्याख्या :* मेंढक कीटों को खाकर फसलों की रक्षा करता है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहता है।

10. **निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?**
    A. मेंढक वातावरण का संतुलन बनाए रखता है
    B. मेंढक मांसल पादों के कारण आर्थिक रूप से उपयोगी है
    C. मेंढक कीटों की संख्या बढ़ाता है
    D. मेंढक फसल सुरक्षा में सहायक होता है (C)

*व्याख्या :* मेंढक कीटों की संख्या को घटाता है, बढ़ाता नहीं; इसलिए विकल्प (C) असत्य है।